दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, शुक्रवार 25 जून 2021 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-03, अंक- 265

## मिशन कश्मीर : पीएम मोदी की सर्वदलीय बैठक, कश्मीरी नेताओं की नाराजगी दूर करने की कवायद ?

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने को लेकर घाटी के नेताओं और केंद्र सरकार में जारी तल्खी के बीच अब बातचीत की कवायद शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कश्मीरी नेताओं के साथ एक अहम बैठक की। पीएम मोदी की इस बैठक में जम्मू-कश्मीर की आठ राजनीतिक पार्टियों के करीब 14 नेता शामिल हुए। इनमें से ज्यादातर नेता वे हैं, जिन्हें आर्टिकल 370 हटने के दौरान नजरबंद कर दिया गया था और महीनों बाद रिया किया गया। इस तरह से 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35 हटाए जाने और राज्य के पुनर्गठन के बाद पीएम मोदी की राज्य के सभी दलों के नेताओं के साथ यह पहली मुलाकात हो रही है।



कश्मीरी नेताओं के साथ पीएम मोदी की यह बैठक इसलिए भी अहम है, क्योंकि इसमें घाटी के उन बड़े नेताओं को आमंत्रित किया गया, जो काफी समय तक नजरबंद रखे गए थे और जो अब तक आर्टिकल 370 हटाए जाने को लेकर नाराज हैं। फारूक अब्दुल्ला से लेकर महबूबा मुफ्ती की नजबबंदी और रिहाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ यह पहली बैठक है। आर्टिकल 370 के हटने को लेकर केंद्र सरकार और कश्मीरी नेताओं के बीच बातचीत का दौर काफी समय तक बंद रहा, मगर इस बैठक से केंद्र और कश्मीरी नेताओं के बीच के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाने में मदद मिल सकती है।

**❐ नजरबंदी के बाद अब नजरें मिलाने का समय-** इस बैठक में ऐसे कुछ बड़े नाम हैं, जो काफी समय तक नजरबंद कर दिए गए थे और आज इन्हीं लोगों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात है। महबूबा मुफ्ती से लेकर अब्दुल्ला तक महीनों नजरबंदी के बाद रिहा हुए। महबूबा मुफ्ती जहां करीब एक साल से अधिक समय तक नजरबंद रहीं, वहीं उमर अब्दुल्ला करीब आठ महीने, फारूक अब्दुल्ला छह महीने और सज्जाद लोन एक साल तक नजरबंदी के बाद रिहा हुए। आज इन सभी नेताओं की पीएम मोदी से सीधी मुलाकात हुई और कश्मीर को लेकर आमने-सामने बात हुई होगी।

**❐ बातचीत के रास्ते खुलने की पहली पहल-** हालांकि, इस बैठक से चीजें कुछ हद तक ठीक होने के संकेत मिल रहे हैं। एक कदम बढ़ते हुए जहां केंद्र सरकार ने बातचीत के दरवाजे खोले हैं, वहीं कश्मीरी नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि वह खुले दिल से केंद्र सरकार के साथ वतन और कश्मीर के मुद्दे पर बातचीत करने को तैयार हैं। सीपीआईएम नेता युसूफ तारिगामी ने कहा कि हम चाहते हैं कि यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों की परेशानियों, मुद्दों को सुलझाने की एक अच्छी पहल हो। वहीं, फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि हम मीटिंग में अपनी बात रखेंगे।

**❐ कौन-कौन हुए बैठक में शामिल-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस बैठक में न सिर्फ 8 राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता शामिल हो रहे हैं, बल्कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और गुपकार समूह के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, एनसी प्रमुख उमर उब्दुल्ला, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन, जम्मू एंड कश्मीर अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी, भाजपा के रवींद्र रैना, निर्मल सिंह समेत अन्य कई नेता शामिल हुए।

**❐ महबूबा के बयान से फारूक अब्दुल्ला का किनारा-** जम्मू-कश्मीर पर सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता फारूक अब्दुल्ला दिल्ली पहुंच गए। गुरुवार को दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने महबूबा मुफ्ती के बयान से किनारा कर लिया। उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान के बारे में बात नहीं करनी है बल्कि अपने वतन के बारे में चर्चा करनी है। उन्होंने कहा कि महबूबा मुफ्ती का पाकिस्तान पर बयान निजी है। इससे उन्हें कोई लेना देना नहीं है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 31 जुलाई तक सभी राज्य 12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी करें : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीबीएसई की तर्ज पर राज्य 10 जिन के भीतर इंटर्नल असेसटमेंट पॉलिसी जारी करें और 31 जुलाई तक नतीजे घोषित करें। इसी बीच 12वीं बोर्ड की परीक्षा आयोजित कराने पर अड़ी आंध्र सरकार को कोर्ट ने कहा कि वह तब तक परीक्षा आयोजित करने की अनुमति नहीं देगा, जब तक यह सुनिश्चित नहीं हो जाए कि इन परीक्षाओं की वजह से 5.2 लाख छात्रों की जान को खतरा नहीं होगा। सुनवाई खत्म होने पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य बोर्डों को आज से 10 दिनों के भीतर मूल्यांकन के लिए योजना को अधिसूचित करने और 31 जुलाई तक आंतरिक मूल्यांकन का परिणाम घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीबीएसई और आईसीएसई की तरह निर्दिष्ट समयरेखा बनाने को कहा है। यानी 4 जुलाई के आस-पास सभी राज्य के शिक्षा बोर्डों द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों का परिणाम घोषित करने के लिए तैयार की गई मूल्यांकन नीति का विवरण जारी कर दिया जाएगा। दरअसल ज्यादातर राज्यों में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा रद्द की जा चुकी है। लेकिन आंध्र प्रदेश सरकार 12वीं बोर्ड की परीक्षा आयोजित करने को लेकर अड़ी हुई है। मामले की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में हो रही है।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने क्रॉम्पटन ग्रीव्स के ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि वह बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में दिल्ली और मुंबई में क्रॉम्पटन ग्रीव्स से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रहा है। इस मामले में जांच से जुड़े सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि एजेंसी के अधिकारी बैंक की शिकायत के आधार पर बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में मुंबई और दिल्ली में क्रॉम्पटन ग्रीव्स के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।अधिकारी ने इससे संबंधित और जानकारी साझा नहीं की। 9 जून को सीबीआई ने अवंता ग्रुप के प्रमोटर गौतम थापर, ओएस्टर बिल्डवेल और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर 466 करोड़ रुपये के फंड की हेराफेरी का केस दर्ज किया था।

### पीएम मोदी ने स्वदेशी खिलौनों के लिए वोकल होने पर दिया जोर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टॉयकेथॉन-2021 के प्रतिभागियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 5-6 वर्षों में देश के युवा हैकथॉन के मंच के माध्यम से देश की प्रमुख चुनौतियों से जुड़े हैं। इसके पीछे सोच देश की क्षमताओं को संगठित करना और उन्हें एक माध्यम देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साहसे खलु श्री वसति। यानि साहस में ही श्री रहती है, समृद्धि रहती है। इस चुनौतीपूर्ण समय में देश के पहले टॉय-केथॉन का आयोजन इसी भावना को मजबूत करता है। इस टॉय-केथॉन में हमारे बाल मित्रों से लेकर, युवा साथियों, टीचर्स, स्टार्ट अप्स और उद्यमियों ने भी बहुत उत्साह से हिस्सा लिया है। पहली बार ही डेढ़ हजार से ज्यादा टीमों का ग्रैंड फिनाले में शामिल होना, ये अपने आप में उज्जवल भविष्य के संकेत देता है। ये टॉय और गेम्स के मामले में आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी मजबूती देता है।

## सोनिया ने टीकाकरण की गति को लेकर जताई चिंता

**» तीसरी लहर की तैयारी और बच्चों की सुरक्षा पर दिया जोर**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने देश में कोरोना रोधी टीकाकरण की गति को लेकर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि महामारी की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए तीव्रता से तैयारी करने और विशेषकर बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है। उन्होंने पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की डिजिटल बैठक में यह टिप्पणी की। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट कर बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित किया। टीकाकरण की गति को लेकर उन्होंने गहरी चिंता प्रकट की। कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर को लेकर तैयारी करने और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर उन्होंने अधिक जोर दिया। सोनिया गांधी की अगुवाई में चल रही इस बैठक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी जैसे मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस डिजिटल बैठक में कांग्रेस के नेता पार्टी के प्रस्तावित संपर्क अभियान पर भी चर्चा करेंगे। इस बैठक में पेट्रोल-डीजल और जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के संदर्भ में आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में कोविड के मौजूदा हालात और आर्थिक स्थिति पर भी चर्चा होगी। इस बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की भी बैठक बुलाई जाएगी। सोनिया गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ यह बैठक संसद के मॉनसून सत्र से पहले बुलाई है।

## आईएमडी ने दी चेतावनी, कुछ राज्यों में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के राष्ट्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र अनुसार, छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा होने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, झारखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गुजरात के पूर्वी क्षेत्रों, मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और गोवा, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल, केरल और



माहे में भी एक-दो जगहों पर तेज़ वर्षा होने के आसार हैं।

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एक-दो स्थानों पर बादलों की तेज़ गर्जना के साथ बिजली गिरने और 50 से 60 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी और तूफान चलने की आशंका है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी एक-दो स्थानों पर बिजली कड़कने तथा 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से आँधी चल सकती है। जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में एक-दो स्थानों पर बिजली कड़कने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति तेज़ हवाएँ चलने का अनुमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, असम,मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम,त्रिपुरा और तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, तेलंगाना, रायलसीमा, केरल, माहे,तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में एक-दो स्थानों पर बिजली कड़कने की घटनाएँ हो सकती हैं। पश्चिमी राजस्थान में एक-दो स्थानों पर गरज के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से धूल भरी आंधी चलने की संभावना है।

## एससीओ की बैठक में आतंकवाद पर अजीत डोभाल ने बताई भारत की मंशा

**» लश्कर, जैश पर हो एक्शन**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य राष्ट्रों के उच्च सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। सदस्य देशों के एनएसए की एससीओ बैठक के दौरान अजीत डोभाल ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर और जैश के खिलाफ एक्शन लेने की कार्य योजना बनाने पर बल दिया। डोभाल ने साफ तौर पर कह दिया कि एससीओ को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों पर एक्शन लेना ही होगा। इतना ही नहीं, उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उस पर हमला बोला और कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण



का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाने पर जोर दिया। सूत्रों के हवाले से कहा कि बैठक के दौरान अजीत डोभाल ने शंघाई सहयोग संगठन के ढांचे के हिस्से के रूप में आतंकी संगठन लश्कर और जैश के खिलाफ कार्य योजना का प्रस्ताव रखा। अजीत डोभाल ने एससीओ और एफएटीएफ के बीच एक समझौता ज्ञापन सहित आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाने पर जोर दिया। सूत्रों ने आगे कहा कि डोभाल ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों की कड़ी निंदा की। अजीत डोभाल ने कहा कि सीमा पार आतंकवादी हमलों सहित आतंकवाद के अपराधियों को शीघ्रता से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ लक्षित प्रतिबंधों के पूर्ण कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, ताजिकिस्तान के दुशांबे में एनएसए की एससीओ बैठक में डोभाल ने हथियारों की तस्करी और डार्क वेब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के लिए ड्रोन सहित आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली नई तकनीकों की निगरानी की आवश्यकता पर संदेश दिया। ताजिकिस्तान वर्तमान में एससीओ का अध्यक्ष है। वह 23 तथा 24 जून को आठ सदस्य देशों के उच्च राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है। पाकिस्तानी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मोईद यूसुफ और अफगान एनएसए हमदुल्ला मोहीब भी बैठक में शामिल हो रहे हैं। इससे पहले बुधवार को ताजीकिस्तान में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया था एनएसए अजीत डोभाल ने एससीओ सदस्य देशों के सुरक्षा परिषद सचिवों की 16वीं बैठक में हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार, डोभाल और यूसुफ के बीच मुलाकात की कोई गुंजाइश नहीं है।

## सभी सार्वजनिक सेवा विभागों में नागरिक घोषणापत्र लागू करने की मांग

**» सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर वस्तुओं एवं सेवाओं की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्यों को प्रत्येक सार्वजनिक सेवा विभाग में नागरिक घोषणापत्र लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया। याचिका में दलील दी गई है कि घोषणापत्र (चार्टर) यह स्पष्ट संदेश देगा कि केंद्र भ्रष्टाचार रोकने और नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। नागरिक घोषणापत्र एक ऐसा दस्तावेज है, जिसमें संगठनों या सेवा प्रदाताओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण, उच्च मानक वाली सेवाएं और शिकायत निवारण के लिए तंत्र उपलब्ध कराने का विवरण होता है। भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने जनहित याचिका में कहा है कि एक मजबूत और कारगर नागरिक घोषणापत्र यह स्पष्ट संदेश देगा कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने एवं नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भ्रष्ट अधिकारियों को चेतावनी देगा कि लोगों का विश्वास तोड़े जाने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यपालिका को अवश्य ही इसे व्यवस्थित तरीके से लागू करना चाहिए ताकि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कानूनी एवं नियामक ढांचे को मजबूत किया जा सके।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर चैकिंग कर रही जीएसटी टीम को ट्रक ने रौंदा

**» कार में बैठे सेल्स टैक्टस के सीपीओ और एक सिपाही की मौत**

**मथुरा (आरएनएस)।** बुधवार गुरूवार की मध्यरात्रि को यमुना एक्सप्रेस वे के माइल स्टोन 60 के समीप चैकिंग कर रही जीएसटी टीम गंभीर हादसे का शिकार हो गई। पूरी टीम कार में थे। रात के समय एक ट्रक ने अधिकारियों की कार को रौंद दिया। पुलिस अधीक्षक देहात श्रीचंद के अनुसार पुलिस ने आयशर कैंटर की नंबर प्लेट के आधार पर उसके मालिक का नाम पता ज्ञात किया जा रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आयशर कैंटर को जब्त कर लिया है।

हादसे में सरकारी गाड़ी में सवार ज्वाइंट कमिश्नर मनोज त्रिपाठी, असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल द्वितीय ईकाई वाणिज्यकर मथुरा विनय गुप्ता पुत्र अशोक कुमार गुप्ता निवासी अशोका सिटी मथुरा, सीपीओ सचल दल द्वितीय इकाई वाणिज्यकर मथुरा वीरेन्द्र सिंह पुत्र कृपानाथ सिंह, सिपाही किशोर कुमार शुक्ला पुत्र महेश कुमार शुक्ला सचल दल प्रथम ईकाई मथुरा मूल निवासी जनपद कानपुर, चालक विजय कुमार यादव पुत्र बीरेन्द्र सिंह यादव सचल दल द्वितीय ईकाई मथुरा उम्र करीब 46 वर्ष निवासी बी.53 विवेक बिहार कालोनी इटावा, चपरासी विनोद कुमार पुत्र राजाराम सचल दल द्वितीय ईकाई मथुरा निवासी जालवा कटरा, आगरा, अनिल रावत पुत्र स्व. महेश रावत निवासी मानपुर मुसन्डा थाना मानपुर जिला गया, बिहार घायल हो गये। घटना स्थल पर अफ्रातफ्री मच गई। कुछ ही समय में इलाका पुलिस और एम्बूलेंस पहुंच गई। सभी घायलों को एम्बूलेन्स से कैलाश हास्पीटल जेवर गौतमबुद्ध नगर भेजा गया। नौहझील पुलिस के मुताबिक इलाज के दौरान सीपीओ वीरेन्द्र सिंह एवं सिपाही किशोर कुमार शुक्ला की मृत्यु हो गई।

## देश में ढ़लान पर पहुंचा कोरोना संक्रमण, 24 घंटे में 54,069 नए मामले, 1,321 लोगों की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर लगातार ढ़लान पर है यानि हर दिन कोरोना के नए मामले और मौतों का आंकड़ा कम होता जा रहा है। वहीं अस्पतालों में इलाज करा रहे सक्रीय मरीजों की संख्या भी तेजी से कम हो रही है और कोरोना को मात देने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ो के मुताबिक देश में एक दिन में कोरोना वायरस के 54,069 नए मामले दर्ज किये गये, जिसके बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़कर



3,00,82,778 हो गई। वहीं 1,321 और लोगों की मौत के बाद महामारी से जान गंवाने वालों संख्या बढ़कर 3,91,981 हो गई। मंत्रालय के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 6,27,057 हो गई, जो कुल मामलों का 2.08 प्रतिशत है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 96.61 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मामलों में कुल 16,137 कमी आई है।

आंकड़ों के अनुसार, देश में अभी तक कुल 2,90,63,740 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। कोविड-19 से मत्यु दर 1.30 प्रतिशत है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवम्बर को 90 लाख के पार हो गए। देश में 19 दिसम्बर को ये मामले एक करोड़ के पार, चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

मंत्रालय के आंकड़ो के अनुसार देश में पिछले 24 घंटे में 64.89 लाख लोगों को कोविड-19 रोधी टीके लगाए गए। अभी तक टीके की कुल 30.16 करोड़ खुराक लोगों को दी जा चुकी है। नमूनों के संक्रमित आने की दैनिक दर 2.91 प्रतिशत है, जो पिछले 17 दिन से पांच प्रतिशत से कम बनी है। नमूनों के संक्रमित आने की साप्ताहिक दर भी कम होकर 3.04 प्रतिशत हो गई है। संक्रमण मुक्त हुए लोगों की संख्या लगातार 42वें दिन संक्रमण के नए मामलों से अधिक रही। अभी तक कुल 39,78,32,667 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की गई है, जिनमें से 18,59,469 नमूनों की जांच बुधवार को की गई।